# वन भूमि पर अतिक्रमण का बड़ा प्रयास विफल

## पांच जेसीबी की मदद से हटाया गया अतिक्रमण, अधिकारी-कर्मचारी सहित 80 जवान रहे मौजूद

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** मंगलवार को वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे के प्रयास को नाकाम कर दिया। यह कार्रवाई प्रतिभा अहिरवार वन मंडल अधिकारी के मार्गदर्शन में एसटी शाक्य उप वन मंडल अधिकारी चंदेरी के पर्यवेक्षण में तथा ऋषि कुमार प्रजापति वन परिक्षेत्र अधिकारी मुंगावली की उपस्थिति में की गई। यह अभियान वन परिक्षेत्र मुंगावली के अंतर्गत बीट सबरेंज मुंगावली की बीट गुन्हैरू के कक्ष क्रमांक आरएफ 254 एवं आरएफ 260 में संचालित किया गया। यहां ग्राम गुन्हेरु, वीरपुर, तारई, सरदारपुर में लगभग 60 हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन भूमि पर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों द्वारा इस भूमि पर जुताई कर खेती की तैयारी शुरू कर दी गई थी।

कार्रवाई के दौरान वन विभाग की पांच जेसीबी मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। इस अभियान में



लगभग 80 से अधिक वनकर्मियों ने भाग लिया। सभी ने मिलकर पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया। तो वहीं इस कार्यवाही से न केवल वन भूमि को अतिक्रमण से बचाया गया बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ा कदम उठाया गया है। विभाग के अधिकारी लगातार ऐसे क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं जहाँ अवैध कब्जों की संभावना बनी रहती है।

**अतिक्रमण रोधी ट्रेंच खुदवाकर सुरक्षित की गई भूमि:**

वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण रोधी ट्रेंच खुदवाने का कार्य कराया ताकि आगे कोई भी व्यक्ति इस क्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश या कब्जा न कर सके। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस क्षेत्र को अब चिन्हित कर निगरानी में रखा गया है।

**पांच जेसीबी और 80 से अधिक स्टाफ तैनात:**

**अधिकारियों ने दी सख्त चेतावनी:**

वन अधिकारियों ने बताया कि पिपरई रोड स्थित क्षेत्र में इस प्रकार की गतिविधियों की लगातार निगरानी की जा रही थी। सूचना मिलते ही टीम ने तुरंत कार्रवाई की और वन भूमि को बचाया गया। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या खेती का प्रयास दंडनीय अपराध है और भविष्य में यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है तो दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# कैथन में मिला युवक का शव

**कपड़े-सैंडिल किनारे पर मिले**

**घर से दो दिन से गायब था मृतक**

**नवभारत न्यूज**

**बहादुरपुर। कस्बे की कैथन नदी में गणेश घाट पर एक युवक का शव मंगलवार सुबह बरामद हुआ है। सुबह टहलने जाने वाले लोगों ने सबसे पहले इसे देखा।**

इसके बाद पुलिस को सूचना की गई, मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने सफाई कर्मियों की मदद से शव को नदी से निकाला। युवक की पहचान दीपक राजपूत पुत्र सीताराम राजपूत उम्र 35 वर्ष निवासी बहादुरपुर के रूप में की गई है। युवक के परिजनों ने बताया कि वह बीते दो दिन से घर से गायब था। घर वाले उसे हर संभव



जगह तलाश रहे थे। युवक के शव को देखने वाले आनंद शर्मा ने बताया कि शव मुंह के बल नदी में उल्टा पड़ा हुआ था। जहां शव था, वहां नदी में गहराई थी। इसलिए प्रथम दृष्टया शिनाख्ती नहीं हो पाई। जब शव को किनारे पर लाया गया तो युवक के भाई नीरज ने उसकी शिनाख्त की। बहरहाल, शव को पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है। प्रधान आरक्षक सोनू रघुवंशी ने बताया कि शव कम से कम 24 घंटे पुराना है, क्योंकि उसका शरीर फूल चुका था और कई जगह मछलियों के काटने के निशान हैं। पुलिस को मौके की खोजबीन में किनारे पर युवक के कपड़े और सैंडिल भी मिले हैं। मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## एक नजर में




### कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**शाढ़ौरा।** देशभर में चलाए जा रहे कांग्रेस के हस्ताक्षर अभियान के तहत अशोकनगर विधानसभा प्रभारी रामू गुर्जर के नेतृत्व में शाढ़ौरा सदर बाजार, कृष्णा चौराहा, बस स्टैंड सहित नगर के अनेक स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पहुंचकर हस्ताक्षर कराकर अभियान में समर्थन प्राप्त किया। इस दौरान नगर में 2 घंटे चले हस्ताक्षर अभियान में कांग्रेसी कार्यक्रम उत्सव के साथ दुकानदारों से कांग्रेस के हस्ताक्षर योजना समर्थन एवं सहयोग मांगा।



### 2 नवंबर को मनाई जाएगी संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज जयंती

**अशोकनगर।** क्षत्रिय नामदेव समाज द्वारा आगामी 2 नवंबर को संत शिरोमणि श्री नामदेव जी महाराज की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रविवार को स्थानीय चौधरी का बगीचा स्थित समाज के मंदिर पर नवगठित नामदेव समाज समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समिति के अन्य पदाधिकारीयों की नियुक्ति, कार्यकारिणी के गठन, अन्य विषयों को लेकर विचार विमर्श किया गया। समाज के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रघुवीर नामदेव, नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन डब्बू ने बताया कि संत श्री नामदेव जी महाराज की जयंती पर समाज द्वारा इस बार और अधिक भव्यता के साथ शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जो सुबह 9 बजे मंदिर प्रांगण से शुरू होकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गो से होते हुए पुन: मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी। इस दौरान अनेक धार्मिक सांस्कृतिक आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने समाज के लोगों से शोभा यात्रा में सपरिवार शामिल होने का आग्रह किया है। बैठक में बड़ी संख्या में समाज बंधु मौजूद रहे।

### सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित

**अशोकनगर।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत एवं जिला अशोकनगर रोजगार कार्यालय एवं मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर के द्वारा ग्रामीण, शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पदों पर भर्ती कैंप का आयोजन सोमवार को आजीविका भवन चंदेरी में किया गया है। जिसमें 11 लड़कों ने भाग लिया। जयपुर से आये भर्ती आधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने मापदंड के आधार पर 11 लडकों का चयन हुआ है।

# पुलिस का नवाचार : आपका घर हमारी जिम्मेदारी

## दीपावली पर्व पर नागरिकों की सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक की विशेष पहल

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** दीपावली एवं अन्य त्यौहारों के अवसर पर प्राय: नागरिक अपने परिजनों से मिलने अथवा अन्य कारणों से अपने घरों से बाहर जाते हैं। ऐसे में उन्हें अपने सूने घर की चिंता रहती है, लेकिन अब वह बेफिक्र होकर जा सकेंगे, क्योंकि अब उनके सूने घर की सुरक्षा पुलिस करेगी। सोमवार को एसडीओपी विवेक शर्मा द्वारा पत्रकारों से चर्चा करते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा की मंशा और उक्त अभिनव पहल की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि त्योहारों के समय जब लोग अपने घरों से बाहर जाते हैं, ऐसे समय में घर खाली रहने से चोरी अथवा अन्य आपराधिक घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। नागरिकों की सुरक्षा एवं उनके घरों की देखरेख सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में एक नवाचार करते हुए, एक अभिनव पहल की जा रही है। आपका घर हमारी जिम्मेदारी इसका उद्देश्य नागरिकों को यह विश्वास दिलाना है, कि जब वे अपने घरों से बाहर हों, तब उनकी अनुपस्थिति में पुलिस उनके घर की सुरक्षा की जिम्मेदारी अपने हाथों में लेगी। योजना के अंतर्गत जो भी नागरिक दीपावली अथवा अन्य त्यौहारों के दौरान घर से बाहर जा रहे हैं, वे प्रस्थान से पूर्व अपने संबंधित थाना में जाकर



अपने घर का पूरा पता, संपर्क नंबर एवं व्हाट्सएप नंबर दर्ज कराएंगे। संबंधित थाना प्रभारी द्वारा उस पते को बीट प्रभारी, बीट स्टाफ, गश्त अधिकारी, चीता मोबाइल एवं गश्ती दलों को सूचित किया जाएगा। उक्त दल अपने निर्धारित गश्त कार्यक्रम के दौरान उन घरों के आसपास नियमित रूप से निगरानी रखेंगे और समय-समय पर सुरक्षा की स्थिति का अवलोकन करेंगे। यदि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि अथवा व्यक्ति की जानकारी प्राप्त होती है,तो तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।नागरिकों को आश्वस्त करने हेतु पुलिस दल द्वारा उनके घरों की सुरक्षा स्थिति का फोटो या वीडियो प्रमाण संबंधित नागरिक के व्हाट्सएप नंबर पर भेजा जाएगा, ताकि वे अपने घर की सुरक्षा को लेकर निश्चिंत रह सकें और त्यौहार का आनंद शांति एवं विश्वास के साथ ले सकें। इस योजना में जिला पुलिस के सभी स्तरों के अधिकारी एवं कर्मचारी थाना प्रभारी, बीट प्रभारी, गश्त अधिकारी, चीता मोबाइल, गश्ती दल, सक्रिय रूप से सहभागिता करेंगे। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि दीपावली खुशियों और प्रकाश का पर्व है। पुलिस का कर्तव्य है कि नागरिक निश्चिंत होकर अपने त्यौहार का आनंद ले सकें। आपका घर हमारी जिम्मेदारीज् योजना इसी भावना के तहत प्रारंभ की गई है, ताकि नागरिकों के घर सुरक्षित रहें और उन्हें पुलिस पर पूर्ण विश्वास बना रहे। पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस योजना का अधिकतम लाभ उठाएं,अपने नजदीकी थाने को अग्रिम रूप से सूचना दें तथा पुलिस के साथ समन्वय बनाए रखें। पुलिस परिवार की ओर से जिले के समस्त नागरिकों को सुरक्षित,शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास पूर्ण दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।



# नप को पीएम स्वनिधि योजना में मिला राज्य स्तरीय सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** भोपाल के रविंद्र भवन मे आयोजित नगरीय विकास एवं आवास विभाग मध्य प्रदेश स्वच्छता समग्र 5 वा राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान समारोह मे मुख्यमंत्री मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और प्रतिभा बागरी राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एव् आवास विभाग और मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के उत्कृष्ट कार्य करने बाली नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषदों को सम्मानित किया गया । जिसमेंमुख्य नगर पालिका अधिकारी शमशाद पठान के नेतृत्व मे नगर परिषद् शाढ़ौरा को पीएम स्वनिधि योजना 1.0 अंतर्गत योजना प्रारम्भ से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये सर्बाधिक ऋण वितरण मे नगर परिषद की श्रेणी मे राज्य मे प्रथम स्थान पाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अबसर पर NLUM (कंयुनिटि ओरनाइजर) रानी राजपूत, उपयंत्री आजाद जैन, विनोद नोनेरिया नपा शाढ़ौरा टीम मौजूद रहीं।

# कांग्रेस का वोट चोर,गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान

**कांग्रेस पदाधिकारी पहुंचे घर-घर, किया संपर्क**

**अभियान में जिलाध्यक्ष व विधायक शामिल**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को विभिन्न मंडलों में चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत गौशाला मंडल में डोर-टू-डोर हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया। साथ ही स्थानीय गांधी पार्क पर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर नागरिकों से संपर्क साधा और उन्हें इस जन आंदोलन से जोड़ते हुए




वोट चोरी कर बनाई गई सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। इस अवसर पर अभियान प्रभारी रामू गुर्जर, विधायक इंजी हरिबाबू राय,जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा, प्रदेश सचिव (महिला कांग्रेस) सीमा सुराणा,मंडल अध्यक्ष राजकुमार लोधी, दशरथ सिंह रघुवंशी, सुरेन्द्र रघुवंशी, सुधीर शर्मा,पावन पाल, खलक सिंह, रामकुमार लोधी, अकील, शादाब, अमन, अजय खजुरिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन एवं युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हटाए कर्मचारियों ने मांगी धर्म परिवर्तन की अनुमति

**कहा- त्यौहार पूर्व हटाया गया है**

**नपा ने 153 कर्मचारियों को किया बाहर**

**नवभारत न्यूज**

**चन्देरी।** नगर पालिका के 153 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को हटाए जाने का विवाद अब बढ़ता ही जा रहा है। नपा से हटाये जाने के बाद कर्मचारियों की आजीविका संकट हैं और उन्होंने रोजगार के अभाव में धर्म परिवर्तन की अनुमति मांगी है। इसे लेकर कर्मचारियों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में नगर पालिका ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को हटा दिया है। जिससे वे बेरोजगार हो गए हैं और



अब उनके परिवारों के सामने भरण-पोषण का संकट आन पड़ा है। इसी से परेशान 20 कर्मचारी मंगलवार को एसडीएम की जन सुनवाई में अपनी व्यथा लेकर पहुंचे। कर्मचारियों ने वेतन भुगतान और विधायक के दबाव के आरोप लगाए। इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि नगर पालिका के अधिकारियों द्वारा उन्हें गुमराह किया जा रहा है। न तो स्पष्ट किया जा रहा है कि वे काम पर आएं या न आएं और न ही उनकी रुकी हुई वेतन राशि लौटाई जा रही है। हटाए जाने के आदेश में उल्लेख था कि कर्मचारियों को हटाते ही पूरी तनख्वाह दे दी जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

**जनसुनवाई** | **अधिकारियों को दिए निराकरण किए जाने के निर्देश**

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आवेदकों की समस्याएं

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 219 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व , शिक्षा, महिला एवं बाल विकास,नगरीय निकाय,श्रम,सामाजिक न्याय विभाग, कृषि,विद्युत से संबंधित आवेदन प्राप्त, हुए। आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में ग्राम रतवास निवासी कल्लू आदिवासी द्वारा लाईट कनेक्शन दिलाए जाने, ग्राम छीपोन निवासी धनराज साहू द्वारा बटांकन आदेश कराए जाने, ग्राम



बमनावर निवासी लक्ष्मी बाई शर्मा द्वारा किसान सम्मान निधि दिलाए जाने, ग्राम जंघार निवासी जगराम सिंह लोधी द्वारा अतिक्रमण हटवाए जाने, ग्राम मोहरी राय निवासी सोमसिंह कुशवाह द्वारा भूमि की रजिस्ट्री न कराए जाने, ग्राम ललोईटांका निवासी रामसेवक द्वारा खेत तक जाने हेतु रास्ता दिलाए जाने, शाढौरा निवासी गुड्डीबाई द्वारा सीमांकन कराए जाने, ग्राम अमोदा निवासी खेमा आदिवासी द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने, ग्राम मूडरा निवासी लल्लीआराम लोधी द्वारा भूमि पर कब्जा हटाए जाने, अशोकनगर निवासी रेखा सोलंकी द्वारा वेतन दिलाए जाने,ग्राम सांवलहेडा निवासी अभिषेक प्रजापति द्वारा परिवार आईडी में नाम जोडे जाने, ग्राम मोदजी निवासी रामप्यारी आदिवासी द्वारा शासकीय पट्टा दिलाए जाने संबंधी समस्या मूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में जिपं सीईओ राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह सहित अन्य जिला अधिकारी मौजूद रहे।

### ओबीसी महासभा का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**अशोकनगर।** ओबीसी महासभा जबलपुर के तत्वावधान, जिला अध्यक्ष छोटे पटेल सिहोरा के नेतृत्व में विगत दिवस प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन एक निजी गार्डन सिहोरा में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ओबीसी,एससी, एसटी वर्ग के छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे। इस दौरान समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा महात्मा ज्योतिराव फुले एवं माता सावित्री बाई फुले के शिक्षा,समानता और सामाजिक एकता के संदेश को प्रखरता से रखा गया। कार्यक्रम का समापन संविधान निर्माताओं के विचारों के वाचन एवं संविधान की प्रस्तावना की सामूहिक शपथ के साथ हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि गोविंद पटेल नूनसर, अति विशिष्ट अतिथियों में डॉ.बृजेंद्र सिंह यादव राष्ट्रीय महासचिव मौजूद रहे।

### नरवाई प्रचार रथ को कलेक्टर ने दिखाई हरी झण्डी

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से नरवाई न जलाने हेतु प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ वाहन जिले के सभी विकासखण्डों के ग्रामों में पहुंचकर किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान और कानूनी कार्रवाई के बारे में जागरूक करेगा। साथ ही मक्का की कटाई के बाद किसान अक्सर खेतों में नरवाई जला देते हैं।


In The Court Of II Civil Judge Class-II, District Court, Ashoknagar

Presiding Officer : सुश्री. प्रिया चौहान

(आदेश 5 नियम 20व्यवहार प्रक्रिया संहिता1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCSA/0000127/2025)

फूलवती अहिरवार.....................वादी

Vs

सर्वसाधारण...................प्रतिवादी

Process Id-253/2025

पेशी दिनांक :- 27/10/2025

प्रेषिती . सर्वसाधारण,

यह कि प्रार्थी फूलवती अहिरवार ने आपके विरूद्ध आर सी एस ए के लिए वाद सिविल डैथ घोषित किये जाने हेतु संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस बाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 08 October 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

टिप्पणी :- कृपया ध्यान

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

मोहर

प्रिया चौहान

द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड

जिला-अशोकनगर (म.प्र.)